आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

06.08.2024 समय : 1850

- डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– संचार और सतत विकास का आज समापन हो गया।

- सरकार ने कहा है कि साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए देशभर में एक करोड़ बानब्बे लाख सिम कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं।

- कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा ज़िले के तीनों उप–खंडीय स्तर के सभी चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया।

- भारत की विनेश फोगाट महिलाओं के पचास किलोग्राम वर्ग के फ्री स्टाइल रेसलिंग के सेमी फाइनल में पहुंच गई है।

- द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– संचार और सतत विकास का आज समापन हो गया। समापन अवसर पर इसरो–इस्ट्रैक के निदेशक बी एन रामाकृष्णा मुख्य अतिथि थे और एन. आई. सी के एस.आई.ओ शिवाजी मुखर्जी सम्माननीय अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने ए आई के महत्व पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इसके सही इस्तेमाल और अंतरिक्ष की सीमाओं के संबंध में सुरक्षा मुद्दों का उल्लेख किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई पीढ़ी को अपना खुद का हार्डवेयर और ऑपरेटिंग सिस्टम बनाना चाहिए, जो स्वदेशी हो और देश को आई टी के संभावित खतरों से बचा सके। श्री मुखर्जी ने अपने संबोधन में देश के डेटा केन्द्रों और सूचना केन्द्रों से संबंधित डेटा सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इसके अलावा ज़िफरान टेक्नोलॉजी के सी.ई.ओ डॉ. हरिहरा गोपालन ने भी साइबर सुरक्षा पेशेवरों की राष्ट्रीय मांग के अनुसार साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में प्रमाणन लेने का आग्रह किया। डीब्रेट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शोएब कमाल ने दो दिवसीय सम्मेलन का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दो सौ बत्तीस शोध प्रतियां जमा की गई, जिसमें से साठ सर्वश्रेष्ठ प्रतियों को अंतिम प्रकाशन के लिए चुना गया। इन सभी चयनित प्रतियों को आई ई ई ई एक्सप्लोर कांफ्रेंस प्रकाशन सेवाओं में प्रकाशित किया जाएगा और स्कोप्स में अनुक्रमित किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग दो सौ से अधिक प्रतिभागियों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए देशभर में एक करोड़ बानब्बे लाख सिम कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार की साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीति है। धोखाधडी को रियल टाइम में रोकने के लिए एनपीसीआई के साथ जोडा गया। जुलाई दो हजार चौबीस से सात दशमलव छह लाख से अधिक शिकायतों में चौबीस सौ करोड़ रुपए से अधिक राशि की बचत की गई। टोल फ्री नम्बर एक नौ तीन शून्य अप्रैल दो हजार बीस में आरंभ किया गया। इस प्रकार से सरकार तमाम ऐसे प्रचार–प्रसार कर रही है। दूर–संचार विभाग से जून दो हजार चौबीस में एक दशमलव बानब्बे करोड़ मोबाइल कनेक्शनों को भी डिसकनेक्ट किया और दो दशमलव नौ लाख मोबाइल को हेंडसेट से भी ब्लॉक किया। लगातार सरकार इस पर ध्यान दे रही है।

<><><><><><><>

कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन द्वारा ज़िले के तीनों उप–खंडीय स्तर के सभी चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया। अभियान के तहत सभी ग्राम पंचातयों ने मिलकर ज़िले से कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित किए। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए समुदाय आधारित गतिविधियां चलाई गई, पोषण चौपालों का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय के सदस्यों को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कुपोषित बच्चों की पहचान कर घर–घर जाकर लोगों में कुपोषण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई, जिससे परिवारों को सही मार्गदर्शन और सहायता मिल सके। स्वस्थ जीवन शैली के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और स्वयं सेवकों ने पोषक आहार, साफ–सफाई और बच्चों की देखभाल पर लोगों को जागरूक किया।

<><><><><><>

भारत की विनेश फोगाट महिलाओं के पचास किलोग्राम वर्ग के फ्री स्टाइल रेसलिंग के सेमी फाइनल में पहुंच गई है। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की ओक्साना को सात–पांच से शिकस्त दी। इससे पहले प्री–क्वार्टर फाइनल में विनेश फोगाट ने टोकियो ओलम्पिक चैम्पियन यू–सू साकी को तीन–दो से मात दी। खेल के अंतिम पन्द्रह सेकेंड में विनेश फोगाट ने शानदार कलाबाजी का प्रदर्शन करते हुए ये जीत हासिल की। सेमी फाइनल में आज रात दस बजकर पन्द्रह मिनट पर उनका मुकाबला क्यूबा की खिलाड़ी से होगा।

उधर, आज ही रात हॉकी के सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा। पिछले ओलम्पिक में भी भारत ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया था।

इस बीच, जैवलिन थ्रो में भारत के नीरज चोपड़ा ने पहले ही प्रयास में नवासी दशमलव तीन चार मीटर भाला फेंककर फाइनल में जगह बनाई है। भारतीय टेबल टेनिस टीम ने भी इस ओलम्पिक में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन क्वार्टर फाइनल में उन्हें चीन के हाथों शिकस्त मिली।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में लडकों के चौदह वर्ष आयु वर्ग में एक मैच और उन्नीस आयु वर्ग में दो मैच खेले गए। भातुबस्ती स्कूल मैदान में लड़कियों के सत्रह वर्ष आयु वर्ग में कुल दो मैच खेले गए।

<><><><><><>

मुख्यभूमि के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में पेशेवर, तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीट बी एड भोपाल, बी ई और बीटेक के लेटरल एन्ट्री सीट के आवंटन के लिए तेरह अगस्त को टैगोर कॉलेज के सभागार में परामर्श का आयोजन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ परामर्श में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा अट्ठारह जनवरी को संस्थान के सभी केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। विवरणिका और आवेदन फॉर्म विद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि सोलह सितम्बर है।

<><><><><><>

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत निदेशालय में खंडीय स्तर पर मिशन मैनेजर के एक और सी डी ब्लॉक कार निकोबार और ननकौड़ी में ब्लॉक स्तर पर दो डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि सोलह अगस्त है। चयनित उम्मीदवारों की सूची तेईस अगस्त को ग्रामीण विकास निदेशालय के सूचना पट्ट और प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिए कौशल परीक्षा व्यक्तिगत साक्षात्कार के दिन मरीन हिल स्थित निदेशालय में लिया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छब्बीस दशमलव एक मिलीमीटर, हटबे में बीस, मायाबंदर में बारह, लांग आइलैंड में नौ दशमलव छः, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में छः दशमलव छः, कार निकोबार और ननकौड़ी में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि बारह अगस्त तक द्वीपों के कई भागों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

<><><><><><><>